**-:प्रेस नोट:-**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनाँक- 19.09.2026**

- ❖ **साइबर ठग द्वारा फर्जी लिंक के माध्यम से शिकायतकर्ता को इंश्योरेंस पॉलिसी भरने का झांसा देकर साइबर ठगी की गयी।**
- ❖ **थाना राजपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में धनराशि ₹41,656/- वापस करायी गयी ।**

अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता सुधीर कुमार पुत्र स्व0 महेन्द्र सिंह निवासी कस्बा रूरा थाना रूरा, जनपद कानपुर देहात हाल पता थाना राजपुर, कानपुर देहात के साथ दिनांक 16.08.2026 को साइबर ठग द्वारा फर्जी लिंक के माध्यम से शिकायतकर्ता को इंश्योरेंस पॉलिसी भरने का झांसा देकर ₹ 1,00,000/- की साइबर ठगी की गयी। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा दिनांक 16.08.2026 को साइबर हेल्प डेस्क राजपुर जनपद कानपुर देहात पर गयी थी। जिस पर थाना राजपुर पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए ₹ 94,990.24/- होल्ट कराये गये कुल धनराशि में से शिकायतकर्ता के खाते में ₹ 41,656/- वापस करा दिये गये हैं । शेष धनराशि की वापसी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना राजपुर पुलिस का धन्यवाद दिया।

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹ 41,656/-**

1. मोबाइल फोन खोने पर सीईआईआर पोर्टल व संचार साथी एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत दर्ज करें- https://www.ceir.gov.in
2. आनलाइन फ्रॉड खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करायें।

**धनराशि वापस कराने वाली थाना राजपुर पुलिस टीम-**

1. थानाध्यक्ष श्री सूर्य प्रताप सिंह
2. का0 750 अभिषेक धाकरे